## महत्वपूर्ण एवं खास

### सट्टा पट्टी लिखने वालों पर कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कचहरी चौक सारंगढ़ में दिनांक 28.02.2020 की रात्रि योगेश निषाद पिता कार्तिक राम निषाद उम्र 29 साल निवासी वार्ड क्रमांक 12 सारंगढ़ को सट्टा पट्टी लिखते पकड़े जिसके पास से सट्टा पट्टी व नगदी रकम ?1030 जप्त किया गया है। सारंगढ़ पुलिस द्वारा अस्पताल चौक सारंगढ़ के पास विजय यादव पिता गोपाल यादव उम्र 21 साल निवासी डीपापारा सारंगढ़ को सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर रेड कर पकड़ा गया। विजय यादव ने सट्टा पट्टी लिखना स्वीकार किया जिसके कब्जे से तीन कागज के टुकड़े जिनमें विभिन्न अंगों से लिखा सट्टा पट्टी एवं ?920 नगद जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत सारंगढ़ थाने में कार्यवाही की गई है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 11 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत ग्राम-उर्दना, सरवानी, भगोरा एवं कोटमार में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद रिक्त है। इच्छुक आवेदिका 11 मार्च 2020 शाम 5 बजे तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### कैण्टीन संचालन एवं वाहन पार्किंग के लिए 16 मार्च तक निविदा आमंत्रित

» कलेक्ट्रेट परिसर के साफ-सफाई, बगीचा के रख-रखाव,

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ के संयुक्त भवन परिसर एवं सृजन भवन की साफ-सफाई एवं बगीचा के रख-रखाव, परिसर स्थित कैण्टीन कार्य के संचालन एवं कार्यालय परिसर के वाहन पार्किंग हेतु 16 मार्च 2020 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा 16 मार्च को शाम 5 बजे जिला कार्यालय, रायगढ़ के प्रभारी अधिकारी नजरात शाखा के समक्ष खोली जाएगी। जिसमें निविदाकार या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में नियम, शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला कार्यालय, रायगढ़ के प्रभारी अधिकारी नजरात शाखा में संपर्क कर सकते है।

### झसकेतन पटेल की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु

» पत्नी भोजकुमारी को सहायता राशि स्वीकृत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तहसील रायगढ़ के ग्राम-बरमुड़ा निवासी झसकेतन पटेल की 5 दिसम्बर 2018 को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने पर एसडीएम रायगढ़ द्वारा तहसीलदार रायगढ़ की अनुशंसा पर मृतक की पत्नी श्रीमती भोजकुमारी पटेल को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों के प्रभार में परिवर्तन

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से जारी आदेश के अनुसार श्री अजीत वसंत संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म तथा अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम को अपर कलेक्टर जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही पदस्थ किया गया है। श्री समीर विश्नोई मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) तथा पदेन संयुक्त सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म तथा प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य परीक्षा 2 मार्च से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य परीक्षा 2 मार्च से शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने परीक्षा में शामिल हो रहे सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# खरसिया क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर प्रतिबंधित कफ सिरप परिवहन करते 02 युवक गिरफ्तार

» पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुविभागीय स्तर पर ली गई बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत कार्यवाही

» आरोपियों से 240 नग कप सिरप व मोटर सायकल जप्त »

» खरसिया एसडीओपी द्वारा मेडिकल संचालकों की बैठक बाद स्टाफ को तस्करों पर निगाह रखने दिया गया था निर्देश



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गत दिनों पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह द्वारा अनुविभागीय स्तर पर खरसिया अनुविभाग की मीटिंग में क्षेत्र में सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश अनुविभाग के थाना, चौकी प्रभारियों को दिए गए थे। साथ ही पुलिस चौपाल में जन सामान्य से मिले सुझाव व शिकायतों पर एसडीओपी खरसिया पितांबर पटेल को कार्यवाही कराने का निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में एस.डी.ओ.पी. खरसिया द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से बिक्री होने वाली नशीली दवाओं पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु क्षेत्र के दवा व्यापारियों की बैठक अपने कार्यालय में ली गई व आवश्यक दिशा निर्देश दुकान संचालकों को दिया गया था। साथ ही एसडीओपी खरसिया द्वारा अनुविभाग के थाना, चौकी प्रभारियों को इस पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था।

निर्देशों के परिपालन में खरसिया पुलिस द्वारा सूचना तंत्र सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 28.02.2020 की रात्रि चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम को उनके मुखबिर से सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर दो लड़के थैला में प्रतिबंधित दवाई (सिरप) मालखरौदा की और रतन महिला के रास्ते ले जाने वाले हैं। सूचना पर विधिवत कार्यवाही करते हुए चौकी प्रभारी खरसिया गौतम द्वारा रतन महका रोड में नाकेबंदी किया गया था, रात्रि करीब 11:00 बजे एक मोटर सायकल एचएफ डीलक्स बिना नंबर लाल काला रंग में दो युवक आते दिखे जिन्हें टॉर्च दिखाकर स्टा फ द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वे अपने थैला को फेंक कर भाग रहे थे जिसे स्टाफ ने पकड़ा। युवकों ने अपना नाम 1. जितेन्द्र कुमार गबेल पिता दादू लाल गबेल उम्र 25 वर्ष सा0 सकर्री थाना मालखरौदा जिला जाँजगीर चाँपा छ0ग0 2. सुनील कुमार गबेल पिता सरोज कुमार गबेल उम्र 26 वर्ष सा0 सकर्री थाना मालखरौदा बताये। जिनके थैलों से 240 नग Rc-kuff plus cough syrup (Codeine phosphate triproliding hydrochloride syrup) 100 शीलबंद एक ही किस्म का कीमत 28800/- रूपये को जप्त किया गया है।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि इन दोनों को दीनदयाल गबेल और रमेश यादव सा0 सकर्री फोन कर बुलाये थे और यह सामान (सिरप) अग्रसेन चौक से न्यू बस स्टेंड वाली रोड में दिये और बोले कि शहर पार करते ही सामान ले लेंगे। आरोपियों द्वारा मोटरसाइकिल पर पुलिस लूकते-छुपते देर रात्रि प्रतिबंधित सिरप रतन महका होते पार करने की फिराक में थे और पकड़े गए। शेष दो आरोपियों के सकुनत पर देर रात्रि चौकी प्रभारी खरसिया द्वारा दबिश दी गई किंतु आरोपीगण नहीं मिले, फरार हैं जिनके शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। आरोपियों के विरुद्ध चौकी खरसिया में अपराध क्रमांक 111 /2020 धारा 21 एनडीपीएस एक्ट, 34 भादवि के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंद किशोर गौतम, प्रधान आरक्षक चित्रांगद चंद्रा, आरक्षक श्याम सिदार, कीर्ति सिदार एवं महिला आरक्षक सलीमा टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही है।

## सारंगढ़ पुलिस की अवैध शराब पर कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ़ बस स्टैंड के पास मुखबीर सूचना पर दिनांक 29.02.2020 की दोपहर करीब 13:20 बजे थाना सारंगढ़ में पदस्थ प्रधान आरक्षक अर्जुन सिंह पटेल द्वारा सूरज साहनी पिता रतनलाल साहनी उम्र 22 वर्ष निवासी कुशल नगर सारंगढ़ को एक झोले में 34 पाव देसी शराब किमती 2040 रुपए के साथ पकड़े। स्टाफ को सूचना मिली थी कि सूरज साहनी अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है , जिस पर कार्यवाही कर आरोपी से शराब जप्त किया गया है, थाना सारंगढ़ में आरोपी के विरुद्ध 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## नगदी रकम करीब 2000 रूपये की सुने मकान में चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासकीय माध्यमिक शाला गोडिहारी में शिक्षक के पद पर पदस्थ दिलीप कुमार यादव उम्र 59 वर्ष खेलभांठा सारंगढ में अपने परिवार के साथ निवासरत हैं। दिनांक 28.02.2020 के शाम करीब 04:00 बजे दिलीप कुमार यादव घर में ताला बंद कर अपनी पत्नि, पुत्री एवं नाती को लेकर अपने कार से जांजगीर स्वास्थ्य परीक्षण कराने गये थे। रात्रि करीब 01:00 बजे वापस पहुंचे और मुख्य द्वार का ताला खोलकर जाकर देखे तो अन्दर कमरा का दरवाजा खुला था एवं वहां रखा आलमारी का सामान बिखरा हुआ था, घर से सोने-चांदी का जेवरात हार, मंगलसूत्र, कान की बाली, टाप्स, माथे की बिंदिया, पायल मूर्ति आदि कीमत करीब 2,00000 लाख (दो लाख) रूपये एवं नगदी रकम करीब 2000 रूपये कुल जुमला करीब 2,02,000 रूपये कोई अज्ञात चोर घर का दिवाल फांदकर चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 95/2020 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## स्वास्थ्य केन्द्र में किसानों के लिए किसान-मितान दिवस का आयोजन



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग, नंदेली, बरमकेला स्वास्थ्य केन्द्र में किसानों के लिए किसान-मितान दिवस और गैर संचारी रोग निदान एवं उपचार पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया गया।






जहां किसानों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर, रक्त जांच के साथ अन्य बीमारियों की जांच की गई। डॉक्टरों ने किसानों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और खान-पान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## अध्यापन कार्य में भी उपयोगी सिद्ध हो रही है जनमन पत्रिका-डॉ.अंजनी तिवारी

» छात्रों के साथ प्राध्यापक भी कर रहे जनमन पत्रिका का पठन





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासन द्वारा प्रतिमाह प्रकाशित जनमन पत्रिका प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में जुटे विद्यार्थियों के बीच बड़े पैमाने पर प्रसिद्ध हो रही है। विद्यार्थियों के साथ कॉलेज के प्राध्यापक भी जनमन के नियमित पाठक बन रहे हैं।

शा.किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान स्वशासी महाविद्यालय, रायगढ़ के प्राचार्य डॉ.अंजनी तिवारी बताते है कि पूरे माह भर में संपादित होने वाली शासन की गतिविधियों का सटीक व सुरूचिपूर्ण संकलन जनमन पत्रिका में प्राप्त होता है। शासकीय योजनाओं की आधिकारिक जानकारी से परिपूर्ण होने से अध्यापन में काफी सहायता मिलती है। महाविद्यालय के विभिन्न विषयों तथा पाठ्यक्रमों से जुड़ी नवीन जानकारी मिलने से पढ़ाये जाने वाली विषय वस्तु समृद्ध होती है। ग्रामीण विकास के लिए क्रियान्वित नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी के अध्यापन से छात्रों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी जटिल अवधारणाओं को समझाने में विशेष सहायता मिलती है। जनजाति समुदाय के सांस्कृतिक संरक्षण के लिए क्रियान्वित नीतियां या उनके त्यौहार व आयोजनों से जुड़े लेख समाज शास्त्र विषय के अध्यापन में स्थानीयता का समावेश करते है।

इसी प्रकार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित होने वाले महोत्सव व मेले से संबंधित जानकारी कला तथा इतिहास संकाय के छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक है। उन्होंने आगे बताया कि महाविद्यालय में छात्रों के साथ प्राध्यापक भी जनमन का नियमित पठन करते है। पं.किशोरी मोहन त्रिपाठी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार श्रीवास्तव कहते है कि जनमन पत्रिका शासन द्वारा जनता से संवाद की एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रही है। शासन की अद्यतन जानकारियों का समावेश जनमन पत्रिका को विशिष्ट बनाता है। जनमन की विषय वस्तु की विविधता व प्रस्तुतीकरण बहुत ही रोचक होती है, जिससे यह अध्ययन करने वाले छात्र व अध्यापन कराने वाले प्राध्यापकों के बीच समान रूप से पढ़ी जा रही है और निःसंदेह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के साथ प्रदेशव्यापी समसामयिकी को अद्यतन करने का विश्वनीय स्त्रोत है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत नारायणपुर जिले के बालक क्रीड़ा परिसर मैदान में 1 मार्च 2020 को वृहद सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में 230 जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। इस अवसर पर वर-वधुओं को आशीर्वाद देने महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, जिला प्रभारी मंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, अति विशिष्ट अतिथि आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद बस्तर दीपक बैज और विधायक श्री चंदन कश्यप उपस्थित रहेंगे।

» इजराइली पद्धति से छोटी सी जगह में जंपाला कर रहे ऑर्गेनिक मछलियों का उत्पादन

## नील क्रांति की ओर किसान बढ़ा रहे कदम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नील क्रांति की ओर एक और कदम बढ़ाया है दुर्ग जिले के बोड़ेगांव के किसान जंपाला रत्नाकर ने। उनका फिश फार्म यूनिट केवल 13 हजार स्क्वायर मीटर में फैला है। यह एकड़ का चैथा हिस्सा है लेकिन यहां लगभग उतनी ही मछलियां पल रही हैं जितनी मछली पालन के लिए बनाए गए 50 एकड़ के तालाब में पलतीं।





श्री रत्नाकर ने यह कमाल किया है इजराइली पद्धति आरएएस (रिसाइक्लिंग एक्वा सिस्टम) का सहारा लेकर। स्टेनलेस स्टील से बनी यह भारत की दूसरी आरएएस यूनिट है जिसमें सबसे आधुनिक तकनीक से मछली पालन किया जा रहा है। स्टेनलेस स्टील का ऐसा दूसरा यूनिट बंगलुरू में है। इसी तरह की अत्याधुनिक तकनीक वाले दो अन्य यूनिट इंदौर और हैदराबाद में हैं। यूनिट में मछलियों की बढ़त हो रही है। जिसकी पहली खेप बाजार में वे अप्रैल तक आएगी। श्री रत्नाकर ने बताया कि प्लांट में 240 टन मछलियों के उत्पादन का लक्ष्य है। कोशिश रहेगी कि हर दिन कम से कम एक टन मछलियां वे बेच सकें। रत्नाकर बताते हैं कि यूनिट की कुल लागत लगभग 3 करोड़ रुपए की है। इसमें 20 लाख रुपए का अनुदान राज्य शासन की ओर से नील क्रांति अभियान के अंतर्गत दिया गया है। इस यूनिट में श्री रत्नाकर मत्स्यपालन का प्रशिक्षण भी देंगे और बेहतर तरीके से मत्स्यपालन करने के इच्छुक किसानों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण संस्थान साबित होगा। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में अभी मछलियां आंध्रप्रदेश और कोलकाता से आ रही हैं और बड़ी मात्रा में आ रही हैं। स्थानीय बाजार में डिमांड की तुलना में सप्लाई काफी कम है। स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर मछलीपालन होने पर आय की नई संभावनाएं पैदा होंगी। रत्नाकर ने बताया कि हर दिन लगभग 60 किलोग्राम सूखी मछली बीट निकलने की संभावना है।

अभी इसका बाजार भाव एक हजार रुपए है। इस तरह केवल मछली बीट बेचकर ही लगभग 60 हजार रुपए की आय हो सकती है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हम लोग किसानों को लगातार खेती के साथ ही फसल विविधता और मत्स्यपालन जैसे क्षेत्रों में भी काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्री रत्नाकर ने आरएएस अपनाकर इस दिशा में बड़ा कदम उठाया है। श्री रत्नाकर ने बताया कि उन्हें पैरों में चोट आ गई थी और डाक्टर ने उन्हें आराम करने का सुझाव दिया था। एक न्यूज चैनल में उन्होंने हैदराबाद में एक यूनिट में इजराइली पद्धति से मछली का उत्पादन के बारे में देखा।

## राज्य की प्राथमिक शालाओं के पाठ्यक्रम में राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' को सम्मिलित करने का अनुमोदन

» राज्य शिक्षा स्थायी समिति की बैठक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश की घोषणा के अनुरूप राज्य की प्राथमिक शालाओं की पाठ्यपुस्तकों में छत्तीसगढ़ राज्य का राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' को शामिल किया जाएगा। राज्य शिक्षा स्थायी समिति की बैठक में आज इसका अनुमोदन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्री केसरी लाल वर्मा की अध्यक्षता और समिति के सचिव एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला की उपस्थिति में किया गया। बैठक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद कार्यालय में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप ही बैठक में बहुभाषा अंतर्गत द्विभाषिक पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण से संबंधित जानकारी दी गई।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य परीक्षा 2 मार्च से

» हाईस्कूल में 3 लाख 92 हजार 068 और हायर सेकण्डरी में 2 लाख 77 हजार 475 परिक्षार्थी सम्मिलित होंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य परीक्षा 2 मार्च से प्रारंभ हो रही है। इस वर्ष हाईस्कूल में तीन लाख 92 हजार 068 परिक्षार्थी और हायर सेकण्डरी में दो लाख 77 हजार 475 परिक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है। इस वर्ष की परिक्षाओं में 32 पृष्ठीय उत्तरपुस्तिकाओं का उपयोग किया जा रहा है, परंतु कक्षा 12वीं में भौतिक शास्त्र और गणित विषय में 40 पृष्ठ की उत्तरपुस्तिकाएं दी जाएंगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रोफेसर व्ही.के. गोयल ने मंडल की परीक्षाओं में शामिल हो रहे सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हायर सेकण्डरी परीक्षा में गणित और भौतिक शास्त्र विषयों के लिए विद्यार्थियों को लिखने के लिए 38 पृष्ठ और शेष परीक्षाओं में 30 पृष्ठ उपलब्ध होंगे। इन उत्तरपुस्तिकाओं के अतिरिक्त विद्यार्थियों को पूरक उत्तर पुस्तिका प्रदान नहीं की जाएंगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने विद्यार्थियों से अपील की है कि इन उत्तर पुस्तिकाओं के प्रश्नों को ध्यान में रखकर उत्तरपुस्तिकाओं में उत्तर लिखे, ताकि उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठों की कमी महसूस न हो। उत्तरपुस्तिकाओं में रफ कार्य करना हो तो वे उत्तर पुस्तिकाओं के अंतिम पृष्ठ में करें तथा रफ कार्य को तिरछी लाईन से काट दे। उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के (ए) भाग में विद्यार्थी का नाम, रोल नम्बर, विषय एवं परीक्षा तिथि आदि मुद्रित रहेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480